हिन्दुस्तान

# राज्य में सेविका और सहायिका के 22,891 पदों पर भर्ती होगी

## कैबिनेट के फैसले

- 6141 सेविका, 16750 सहायिका की बहाली होगी
- नई सहकारिता और खेल नीति को भी मिली मंजूरी

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों में 22891 पदों पर जल्द नियुक्ति होगी। इनमें सेविका के 6141 और सहायिका के 16750 पद शामिल हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका चयन मार्गदर्शिका 2026 को मंजूरी दी गई। बैठक में कुल 24 प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की गई।

कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के 22891 रिक्त पदों पर जल्द बहाली का रास्ता साफ हो गया है। नई व्यवस्था के तहत पोषक क्षेत्र के बहुल्य वर्ग की महिलाओं को चयन में प्राथमिकता मिलेगी। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाली सेवाएं और मजबूत होंगी। कैबिनेट ने राज्य की नई सहकारिता नीति 2026 और खेल नीति 2026 को भी मंजूरी दी है।

देखें P 02

JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL

https://www.whatsapp.com/channel/0029VbCoWnK3gvWUCAtj8s0K